अभ्यास Exercise

पाठ-बोध

1. प्रश्नों के उत्तर दें—

- **मौखिक** *(Oral)*

   i) लेखक के घर में पशु-पक्षियों की कभी कमी नहीं रही।
   ii) धारा के किनारे खड़े बगुले अपनी चोंच से छोटी-छोटी मछलियों का शिकार कर रहे थे।
   iii) चलते समय बकरी के पाँव टेढ़े-मेढ़े पड़ रहे थे, इसीलिए लेखक ने उसे बच्ची समझा।
   iv) माली बकरी को अपने घर ले आया।

- **लिखित** *(Written)*

   i) लेखक को बकरी नदी-किनारे मिली। उसकी टाँगें बहुत कमज़ोर थीं। उसकी माँ या कोई मालिक उसके आस-पास नहीं था। वह भूखी थी।
   ii) लेखक ने बकरी की रंग-बिरंगी तितलियों के पीछे भागते-भागते कहीं भी चले जाने की कमज़ोरी के बारे में बताया है।
   iii) बकरी ने माली पर पीछे से सींगों से वार किया था, इसलिए माली ने दादा जी से बकरी की शिकायत की।
   iv) माली ने घरवालों को उनके नाराज़ होने के डर से बकरी के बारे में नहीं बताया और लेखक का बकरी के प्रति अगाध प्रेम देखकर उसे सही सूचना दी थी।

2. उदाहरण के अनुसार दिए गए उत्तरों के प्रश्न बनाएँ—

   i) बकरी के बच्चे की खाल कैसी थी ?
   ii) बकरी को सवेरे-सवेरे कहाँ घूमना पसंद था ?
   iii) नीलम किसके पास आ गई ?
   iv) मौसी किनको झुककर देखती थीं ?

व्याकरण-बोध

1. पाठ से चुनकर पाँच शब्द-युग्म लिखें—

····पशु-पक्षी···· ····आस-पास···· ····नन्ही-नन्ही····
····टेढ़े-मेढ़े···· ····रंग-बिरंगी···· ····बीच-बीच····

Scanned with CamScanner

2. **दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद करके लिखें—**

दृष्टि — ··द्·· + ··ऋ·· + ··ष्·· + ··ट्·· + ··इ··

कृपा — ··क्·· + ··ऋ·· + ··प्·· + ··आ··

क्यारी — ··क्·· + ··य्·· + ··आ·· + ··र्·· + ··ई··

बकरी — ··ब्·· + ··अ·· + ··क्·· + ··अ·· + ··र्·· + ··ई··

बच्ची — ··ब्·· + ··अ·· + ··च्·· + ··च्·· + ··ई··

3. **दिए गए शब्दों के विलोम शब्द पाठ से खोजकर लिखें—**

आगे-आगे × ····पीछे-पीछे····

अप्रिय × ····प्रिय····

कठोर × ····मुलायम, कोमल····

सौभाग्य × ····दुर्भाग्य····

स्वादहीन × ····स्वादिष्ट····

संभव × ····असंभव····

4. **उदाहरण के अनुसार सरल वाक्य बनाकर लिखें—**

i) बगुले धारा के किनारे खड़े होकर मछलियों का शिकार कर रहे थे।

ii) बकरी की कमज़ोर टाँगों में स्फूर्ति आ गई।

iii) मैंने परियों की कहानी पढ़कर उसका नाम नीलम परी रख दिया।

iv) माली दांदी जी के पास आकर बोला।

v) नीलम की आँखों में आँसू देखकर वह उसे बेचने नहीं ले जा सका।

5. **रिक्त स्थानों में 'मैं' अथवा 'में' लिखकर वाक्य पूरे करें—**

i) लेखक के घर ····में···· पालतू पशु-पक्षियों की कमी नहीं थी।

ii) ····मैं···· मछली पकड़ते बगुलों को देख रहा था।

iii) नीलम को विदा करने ····मैं···· फाटक पर पहुँच गया।

iv) मेरी जेब ····में···· एक बिस्कुट पड़ा था।

v) हाल ही ····में···· मैंने परियों की एक कहानी पढ़ी थी।

Scanned with CamScanner